भारतीय विद्यालय मस्कत

FIRST SUMMATIVE ASSESSMENT

कक्षा □8 | **हिन्दी (Second Language)** | **समय□2 घंटे**

दिनांक□29□9□16 | **अंक□60**

विशेष सूचना □

* इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं। खण्ड □क□□खण्ड □ख□और खण्ड □ग□
* इस प्रश्न पत्र में कुल 13 प्रश्न हैं।
* हर प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उसके सही उत्तर दें।

खण्ड □क□पदय व गदय

प्रश्न 1 निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए□□□

(क) 'यदि शहर को बचाना चाहते हो तो सुबह होने से पहले खंभों को उखड़वा दो। *4*

1 यह वाक्य किसने किससे कहा□

2 किसने यह सलाह दी□

3 यह वाक्य किस एकांकी से लिया गया है और इसके लेखक का नाम लिखिए □

4 इस वाक्य में से **समुच्चयबोधक अव्यय** को छाटँकर लिखिए।

□ख□ 'पथरीले पर्वत विशाल वृक्षों से सज्जित
बड़े□बड़े बागों को जो करते हैं लज्जित। *4*

1 कौन किसे देखकर लज्जित हो रहे हैं□

2 पथरीले पर्वत में विकसित हुए वृक्षों से कवि क्या संदेश देता है□

3 ये पंक्तिया□किस कविता से ली गई हैं तथा इसके कवि का नाम लिखिए□

4 **'बाग'** शब्द के दो□दो पर्यायवाची लिखिए□

प्रश्न 2 दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक□एक वाक्य में लिखिए□ *5□1□5*

1 पपीतेवाली की किस बात से देवयानी की आखेँ नम हो गई□

2 हमारी कौन□सी विशेषता है□जिसकी गणना नहीं की जा सकती□

3 राजा ने क्या घोषणा करवाई थी□

4 गंगा को जीवनदायिनी क्यों कहा गया है□

5 अन्य सुखों के प्रति कवि का क्या दृष्टिकोण है□

प्रश्न 3 किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दो□दो वाक्यों में लिखिए□(only 4) *4□2□8*

1 मानव□विकास में प्रकृति का क्या□क्या योगदान है□

2 गंगा के दर्शन से हमें क्या□क्या स्मरण हो आता है□

3 'हिंदुस्तान हमारा है' कविता को पढ़कर आपके मन में क्या भाव उठते हैं?

4 लेखक कालिंदी के चरित्र द्वारा क्या समझाना चाहते हैं□

5 भ्रष्टाचार से समाज को क्या□क्या हानिया□उठानी पड़ती हैं□

प्रश्न 4 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर तीन□चार वाक्यों में लिखिए□(only 2) *2□3□6*

1 गंगा तथा यमुना नदी के लिए स□ाई अभियान क्यों चलाना पड़ा□

2 हमारे देश भारत की क्या-क्या विशेषताएँ 'हिंदुस्तान हमारा है' कविता में बताई गई हैं□

3 कालिंदी ने कविता को घर वापस न लाने का क्या कारण बताया□

प्रश्न 5 दिए गए शब्दों के अर्थ हिन्दी में लिखिए□ *6□□□3*

1 गणना 2 वल्लरी 3 पद्म 4 सृजन 5 विस्तृत 6 पल्लवित

खण्ड (ख) व्याकरण

प्रश्न 6 रेखांकित शब्दों के कारक भेद लिखिए: **3**

1 जेबकतरे ने चलती <u>बस से</u> छलांग लगा दी। ____________

2 भारत पर <u>युद्ध के</u> बादल मँडरा रहे हैं। ____________

3 <u>क्रिकेट मैच</u> अप्रैल में होगा। ____________

प्रश्न 7 दिए गए वाक्यों में क्रिया के भेद पहचानकर लिखिए: **3**

1 बालक निबंध लिख रहा है। ____________

2 जहाज़ उड़ रहा है। ____________

3 पूजा ने मोहित को नाश्ता कराया। ____________

प्रश्न 8 (क) उचित अव्यय शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: **3**

1 ____________ लिख चुके ____________ पत्र समाप्त करो ।

2 ____________ इतना खतरनाक जीव।

3 विमला अपने विद्यालय ____________ जा रही है।

4 आप मुझे चाहे लाख रुपए दें ______ मैं आपकी गलत बात नहीं मानूँगा।

5 नदी ____________ सुंदर बगीचा है।

प्रश्न 8 (ख) दिए गए अव्यय शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए: **2**

1 ध्यानपूर्वक 2 के आसपास

प्रश्न 9 दिए गए शब्दों के वर्ण-विच्छेद लिखिए: **2**

1 श्रमिक : ____________ 2 भारतवर्ष : ____________

प्रश्न 10 निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो को वाक्यों में प्रयोग कीजिए : **2**

1 आकाश-पाताल एक करना 2 पीठ दिखाना 3 कफ़न सिर पर बाँधना 4 घी के दिए जलाना

खण्ड (ग) रचना

प्रश्न 11 नीचे लिखे अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **5**

भारतीय संस्कृति का प्रकृति से गूढ़ संबंध रहा है। सभ्यता के आदिकाल से मनुष्य पूर्णतया प्रकृति पर ही आश्रित रहा। हमारे पौराणिक ग्रंथों में प्रकृति के विभिन्न तत्वों की पूजा का वर्णन मिलता है। हमारे देश में तुलसी, पीपल, बरगद आदि की पूजा आज भी की जाती है। वृक्षों के प्रति श्रद्धा एवं आदर-भाव रखने का मूल कारण यह था कि हमारे देश के प्राचीन मनीषियों ने यह जान लिया था कि मानव का अस्तित्व वृक्षों के अस्तित्व पर ही निर्भर है। यही कारण था कि घर के आँगन में तुलसी का पौधा लगाकर प्रतिदिन उसकी पूजा की जाती थी। तुलसी का पौधा घर में होना आज भी शुभ माना जाता है। मंदिरों में बरगद, पीपल, नीम, बेल आदि के पेड़ हमेशा से लगाए जाते रहे हैं और श्रद्धालु प्रायः प्रतिदिन इन पर लोटा भर जल डालकर अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं।

<u>प्रश्न</u>

1 प्रकृति से संबंध किसका और कब से है?

2 समानार्थी शब्द अनुच्छेद से ढूँढ़ निकालिए: *1 पुराना 2 सम्मान*

3 वृक्षों के प्रति इस श्रद्धा का क्या कारण है?

4 मंदिरों में किन वृक्षों पर नित्यप्रति जल चढ़ाया जाता है?

5 हमारे पौराणिक ग्रंथों में किसका वर्णन है?

प्रश्न 12 विद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षिक-यात्रा का विवरण देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

या **5**

अपनी प्रथम मूल्यांकन परीक्षा की तैयारी के बारे में दो मित्र के बीच का संवाद 30-40 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 13 किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: **5**

1 भ्रष्टाचार 2 प्लास्टिक की दुनिया-एक प्रकोप

3 परोपकार 4 प्रगति की ओर भारत के कदम

☻ ☻ ☻ ☻ ☻